कोटद्वार,मंगलवार
4 जून 2024
वर्ष: 46
अंक: 44 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## आज होगा 55 प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला

### उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों के नतीजे पर टकटकी, कैमरों की निगरानी में होगी मतगणना

देहरादून। प्रदेश की पांच लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे 55 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतगणना के बाद मंगलवार (आज )को हो जाएगा। मतगणना के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

मतगणना पर नजर रखने के लिए 27 पर्यवेक्षक उत्तराखंड आ चुके हैं। सभी जिलों में ईवीएम से मतगणना सुबह आठ बजे से प्रारंभ हो जाएगी।

संसदीय सीट के निर्वाचन अधिकारी मुख्यालय में आठ बजे से पोस्टल बैलेट की गणना होगी। इसके बाद साढ़े आठ बजे से ईवीएम के मत गिने जाएंगे।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि सुबह लगभग पौने आठ बजे स्ट्रांग रूम से ईवीएम व पोस्टल बैलेट बाहर निकाले जाएंगे। इस दौरान सभी प्रत्याशी अथवा उनके प्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारियों को वहां उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।



उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम खोलते समय पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग भी की जाएगी। पूरी प्रक्रिया पर रहेगी सीसी कैमरे से नजर मतगणना में पारदर्शिता के लिए मतगणना केंद्रों में सीसी कैमरे लगाए गए हैं। स्ट्रांग रूम से ईवीएम लाने से लेकर मतगणना की पूरी प्रक्रिया की रिकार्डिंग की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार के संदेह की गुंजाइश न रहे।

### प्रत्येक विधानसभा के पांच वीपी पैट की भी होगी गणना

मतगणना के दौरान ईवीएम की गणना के बाद हर विधानसभा सीट से किसी भी पांच वीवी पैट का चयन कर उसके भीतर रखी पर्चियों की गणना की जाएगी। फिर इनका संबंधित ईवीएम के साथ मिलान किया जाएगा। लगाई जाएंगी 848 टेबल मतगणना के लिए पूरे प्रदेश में 848 टेबल लगाई जाएंगी। इनमें टिहरी में 187, गढ़वाल में 188, अल्मोड़ा के लिए 182, नैनीताल–ऊधम सिंह नगर के लिए 196 और हरिद्वार के लिए 134 टेबल लगाई जाएंगी।

### हर चक्रमें गिने जाएंगे 500 डाक मतपत्र

मतगणना के दौरान डाक मतपत्र की गणना के लिए अलग टेबल लगेंगी। इसमें हर चक्र में 500 डाक मतपत्र गिने जाएंगे। ऐसे में जिस लोकसभा सीट पर सबसे अधिक डाक मतपत्र हैं, वहां के नतीजे सबसे बाद में आएंगे।

### मतगणना केंद्रों में मोबाइल फोन प्रतिबंधित

मतगणना केंद्रों में मोबाइल फोन को ले जाने और निजी उपकरणों से रिकार्डिंग प्रतिबंधित रहेगी। इनके फोन मतगणना केंद्रों के बाहर रखे जाएंगे इसके लिए व्यवस्था भी की गई है।

### मिल चुके हैं 52,053 सर्विस वोट

प्रदेश की लोकसभा की पांच सीटों के लिए पोस्टल बैलेट, यानी सर्विस वोट के मिलने का क्रम जारी है। प्रदेश में अभी तक 52,053 पोस्टल बैलेट मगतणना केंद्रों तक पहुंच चुके हैं। ये संख्या सर्विस वोट का लगभग 55 प्रतिशत है। यद्यपि यह संख्या 2019 के लोकसभा चुनाव से कम है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में 63 हजार सर्विस मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान किया था।

## एक नजर

### जिला अस्पताल के कर्मचारी नेता लखेड़ा की बेटी बनी लेफ्टिनेंट

हरिद्वार । जिला अस्पताल में तैनात कर्मचारी नेता दिनेश लखेड़ा की बेटी ने लेफ्टिनेंट बनकर नाम रोशन किया है। बेटी की इस उपलब्धि से पूरा परिवार बेहद गदगद है।उनकी बेटी शिल्पी लखेड़ा का भारतीय सैन्य नर्सिंग सेवाओं में लेफ्टिनेंट पद पर चयन हुआ है। शिल्पी लखेड़ा ने जनवरी 2024 में एमएनएस के लिए परीक्षा दी थी। पहले बैच के 198 बच्चों में शिल्पी लखेड़ा को मिलिट्री हॉस्पिटल झांसी में तैनाती मिली है। माता दीपाली लखेड़ा, दादी शिवदेई लखेड़ा ने शिल्पी की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की है। साथी कर्मचारियों ने भी परिवार को शुभकामनाएं दी हैं।

### भीषण बाढ़ की चपेट में असम, तीन और लोगों की मौत, 5 लाख से ज्यादा प्रभावित

गुवाहाटी, असम में बाढ़ के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है और बारिश से जुड़ी घटनाओं में तीन और लोगों की मौत हो गई। राज्य में कई नए इलाके जलमग्न हो गए हैं। हालांकि एक आधिकारिक बुलेटिन में बताया गया कि बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या में मामूली कमी आयी है। इसमें कहा गया है कि राज्य में नदियां अब भी उफान पर हैं और विभिन्न इलाकों में प्रभावित लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है।

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के एक बुलेटिन में रविवार रात को बताया गया कि बाढ़ से 13 जिलों में 5,35,246 लोग अब भी प्रभावित हैं। शनिवार को 10 जिलों में बाढ़ प्रभावित लोगों की संख्या 6,01,642 थी। कछार में दो और नागांव में एक व्यक्ति की मौत होने के साथ ही 28 मई से लेकर अब तक बाढ़ और तूफान में मारे गए लोगों की संख्या 18 हो गयी है।एएसडीएमए के बुलेटिन के अनुसार, तीन प्रमुख नदियां ह्र कोपिली, बराक और कुशियारा खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। विभिन्न जिलों में 39,000 से अधिक विस्थापित लोगों ने 193 राहत शिविरों में शरण ली है। इसके साथ ही 82 अन्य राहत वितरण केंद्र भी बनाए गए हैं।राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) समेत कई एजेंसियां और स्थानीय प्रशासन राहत एवं बचाव अभियान चला रहा है जबकि प्रभावित इलाकों में चिकित्सा दलों को भी तैनात किया गया है। बाढ़ के कारण विभिन जिलों से सडक़ों, पुलों और अन्य संपत्ति समेत बुनियादी ढांचे को नुकसान की खबरें आयी हैं।

### सोनिया गांधी को नतीजे एग्जिट पोल से अलग होने की उम्मीद

नई दिल्ली, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने की उम्मीद जताई है। सोमवार को सोनिया गांधी ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल जो कह रहा है, चुनाव के नतीजे इसके बिल्कुल विपरीत होंगे।

सोनिया गांधी सोमवार को तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री करुणानिधि की जन्म शताब्दी पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंची थी। करुणानिधि को श्रद्धांजलि देने के बाद जब उनसे चुनाव नतीजों और सरकार गठन को लेकर प्रश्न किया गया तो उन्होंने 4 जून को आने वाले नतीजों का इंतजार करने को कहा।

सोनिया ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल जो कह रहा है, चुनाव नतीजे उससे एकदम अलग होंगे। एग्जिट पोल में एनडीए को बढ़त मिलने का अनुमान लगाया गया है। इससे पहले कांग्रेस पार्टी कह चुकी है कि एग्जिट पोल सिर्फ मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने का तरीका है। 2004 में सभी एग्जिट पोल ने वाजपेयी सरकार को बहुमत दिया था, मगर सरकार यूपीए गठबंधन की बनी थी। कांग्रेस का कहना है कि इंडिया गठबंधन को 295 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों को लेकर रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों, विधायक दल के नेताओं और पार्टी प्रत्याशियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक भी की थी। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सभी एग्जिट पोल को खारिज करते हुए कहा कि ये पहले भी गलत साबित हुए हैं।

## गंगोत्री–केदारनाथ चारधाम रूट खराब मौसम से होगी टेंशन!

### बारिश को लेकर अलर्ट

देहरादून। गंगोत्री–केदारनाथ समेत चारों धामों पर जाने वाले भक्तों के लिए जरूरी खबर है। मौसम को लेकर बारिश पर अपडेट सामने आया है। ऐसे में चारधाम यात्रा रूट पर खराब मौसम की वजह से तीर्थ यात्रियों को टेंशन हो सकती है। मौसम पूर्वानुमान में पांच जिलों में बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। मौसम विभाग की ओर से अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम पूर्वानुमान में अलर्ट जारी होने के बाद तीर्थ यात्रियों से अपील है कि चारधाम यात्रा पर जाने से पहले मौसम से जुड़ी सभी जानकारी जुटा कर ही यात्रा पर जाएं। आपको बता दें कि उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में भूस्खलन या सड़क पर बड़े–बड़े बोल्डर गिरने की वजह से यातायात ठप हो जाता है। सड़क बंद होने की स्थिति पर दोनों ओर गाड़ियों की भारी लंबी–लंबी लाइनें लग जाती हैं। हालांकि, प्रशासन की ओर से चारधाम यात्रा रूट पर जेसीबी को तैनात किया गया है।



इसके अलावा, बीआरओ, पीडब्ल्यूडी, एसडीआरएफ सहित पुलिस फोर्स भी चौबीसो घंटे अलर्ट मोड पर है।

विदित हो कि 10 मई से शुरू चारधाम यात्रा में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। राजस्थान, एमपी, यूपी समेत अन्य राज्यों से श्रद्धालु भारी संख्या में दर्शन करने को पहुंच रहे हैं। चारों धामों में से सबसे ज्यादा केदारनाथ धाम में भक्तों ने दर्शन किए हैं। चारधाम यात्रा रूट पर तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ की वजह से जाम भी लग रहा है। हालांकि, प्रशासन की ओर से अतिरिक्त पुलिस फोर्स को तैनात कर ट्रैफिक को सुचारू किया जा रहा है।

## दिल्ली–हरियाणा में पानी को लेकर जंग

### 5 जून को सरकारें करेंगी आपातकालीन बैठक

नई दिल्ली,दिल्ली में पीने के पानी के बढ़ते संकट को लेकर अतिरिक्त पानी की मांग वाली दिल्ली सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई की. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि ह्यअपर यमुना रीवर बोर्डह्ण (यूवाईआरबी) की एक आपात बैठक पांच जून को बुलायी जाए ताकि दिल्ली में पानी की कमी की समस्या से उचित तरीके से निपटा जा सके. उच्चतम न्यायालय दिल्ली सरकार की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है जिसमें उसने जल संकट से निपटने के लिए राष्ट्रीय राजधानी को हिमाचल प्रदेश द्वारा उपलब्ध कराया जाने वाला अतिरिक्त पानी छोड़े जाने का हरियाणा को निर्देश देने का अनुरोध किया है.

न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि केंद्र तथा दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने इस पर सहमति जतायी कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मुद्दे से निपटने के लिए यूवाईआरबी की एक बैठक बुलायी जाए. पीठ ने कहा, ह्यह्यसुनवाई के दौरान सभी पक्ष सहमत हुए कि दिल्ली के नागरिकों के समक्ष पानी की कमी की समस्या का ऐसा समाधान होना चाहिए जिसमें सभी पक्षों के अधिकतम हित पूरे होते हो.

### ओडिशा में भीषण गर्मी और लू का कहर, 72 घंटे में 99 लोगों की मौत

भुवनेश्वर, देश के अधिकांश राज्य भीषण गर्मी की चपेट में है. ओडिशा में जानलेवा गर्मी का कहर दिख रहा है. ओडिशा में भीषण गर्मी की चपेट में आकर 72 घंटे में 99 लोगों की मौत हुई है. इन सभी मामलों में से सनस्ट्रोक से 20 लोगों की मौत की पुष्टि पोस्टमार्टम और जांच के आधार पर की गई है. गर्मी के इस सीजन में मौत का आंकड़ा 140 के पार पहुंच चुका है. ओडिशा समेत कई राज्यों हालात गंभीर हैं. राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले शुक्रवार से अब तक भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के कारण 99 लोगों की मौत होने का संदेह है. बयान में बताया गया कि पोस्टमार्टम और प्रशिक्षण के बाद 20 लोगों की मौत सनस्ट्रोक से होने की पुष्टि की गई. इसमें कहा गया कि बाकी मामलों में जांच जारी है. बयान में कहा गया कि इससे पहले सनस्ट्रोक के कारण 42 संदिग्ध मौत के मामले दर्ज किए गए थे तथा उनमें से छह मामलों में भीषण गर्मी के प्रकोप की वजह से मृत्यु की पुष्टि हुई थी और अन्य की मौत अन्य कारणों से हुई.

## चारधाम यात्रा उत्तराखण्ड की लाईफ लाईन : धामी

### चार धाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपेक्षा की है कि उन्हें चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन के अनुसार जो तिथि मिली है, उसके अनुसार ही दर्शन के लिए आयें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि चारधाम यात्रा सुरक्षित हो और सभी श्रद्धालु भी स्वस्थ और सुरक्षित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा प्रदेश की लाईफ लाईन है।



यह यात्रा राज्य की आर्थिकी से भी जुड़ी है। जिस तेजी से चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है, हम सबका दायित्व है कि यात्रा को सुगम और सरल बनाने में सभी मिलकर सहयोगी बनें। व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को ऋषिकुल मैदान हरिद्वार में संचालित हो रहे चार धाम यात्रा पंजीकरण केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पंजीकरण हेतु पहुंचे श्रद्धालुओं से भी बातचीत कर व्यवस्थाओं के प्रति उनके विचार जाने। मुख्यमंत्री को अचानक से अपने बीच पाकर श्रद्धालुओं ने प्रसन्नता व्यक्त की और मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि श्रद्धालुओं के हित में यदि पंजीकरण काउंटर बढ़ाये जाने की आवश्यकता हो तो जरूरत के हिसाब से काउंटर बढ़ाये जाये, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, शौचालय के साथ कूलर आदि की व्यवस्था की जाए, सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा कर्मी तैनात किये जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर आवश्यक कदम उठाये जाये।



## संपादकीय

# नए युग की दस्तक का दिन

कल का दिन भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के लिए एक खास महत्व भर दिन है क्योंकि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में नई सरकार के गठन का रास्ता और दिशा तय होगी। भारत में मंगलवार को वोटो की गिनती की जाएगी इसके बाद उन सभी अटकलें पर विराम लगेगा जिसमें सत्ता की चाबी हथियाना की राजनीतिक जंग को लेकर बहस जुड़ी हुई थी। एग्जिट पोल भले ही एनडीए गठबंधन को बहुमत का आंकड़ा पार करते हुए दिख रहे हैं लेकिन ऐसी कई दूसरी सर्वे एजेंसियां भी है जिन्होंने इंडिया गठबंधन को सत्ता के करीब बताते हुए नरेंद्र मोदी के लिए नई सरकार में प्रधानमंत्री बनने की संभावनाओं पर प्रश्नचिन्ह भी लगाया है। विपक्ष तो पहले ही कुछ खास न्यूज़ चैनल द्वारा पेश किए गए एग्जिट पोल को एकरूपता वाला बताया है जिसमें कहा गया है कि सभी एग्जिट पोल के आंकड़े एक ही खास जगह से थोड़ा बहुत ऊपर नीचे करके वितरित किए गए हैं। खैर अब असली परिणाम आने में चंद घंटे ही रह गए हैं, लेकिन वर्ष 2024 के इस लोकसभा चुनावों ने इस प्रक्रिया की एक जटिल स्थिति पर भी सुधार के संकेत दिए हैं। खुद चुनाव आयोग ने माना है कि भीषण गर्मी में चुनाव कराने के कारण काफी परेशानियां सामने आई है और इन्हीं परेशानियों को देखते हुए वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव अप्रैल से पूर्व ही संपन्न कर लिए जाएंगे। यह चुनाव आयोग की अदूरदर्शिता का ही परिणाम है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भी ऐसा आकलन करना कोई मुश्किल कार्य नहीं था लेकिन न जाने वह कौन सी परिस्थितियों थी जिसमें चुनाव आयोग ने ऐसी तिथियां घोषित की जो मतदाताओं से लेकर कर्मचारी तक काफी कष्टकारी साबित हुई। बावजूद इसके देश की जनता ने बढ़ चढ़कर चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लिया और अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया। इस बार लोकसभा चुनाव की वोटिंग सात चरणों में 19 अप्रैल से 1 जून के बीच कराई गई है। प्रचंड गर्मी की वजह से वोटिंग परसेंटेज में गिरावट आई है। यूपी–बिहार सहित कई राज्यों में मतदान कर्मचारियों की तीव्र गर्मी की वजह से हुई दिक्कतों से मौत हो गई, दर्जनों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बावजूद इसके लोकसभा चुनाव 2024 में विश्व रिकॉर्ड बना है। इस चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत 64.2 करोड़ से ज्यादा लोगों ने वोट डाले हैं। यह डेटा, सभी जी7 देशों के वोटर्स का 1.5 गुना और यूरोपीय संघ के 27 देशों के मतदाताओं का 2.5 गुना है। 2024 के आम चुनाव में 312 मिलियन महिला मतदाताओं ने अपना वोट डाला, जो 27 यूरोपीय संघ देशों की महिला मतदाताओं की संख्या का 1.25 गुना है। चार दशकों में सबसे अधिक वोटिंग करने का रिकॉर्ड जम्मू–कश्मीर ने भी बनाया है। मौसम के कड़े तेवरों के बावजूद देश के मतदाताओं एवं चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों ने जिस प्रकार से इस बड़े आयोजन को मुकाम तक पहुंचाया वह सशक्त लोकतंत्र का एक हिस्सा है और इसमें भागीदारी करने वाले सभी लोगों की सराहना करनी होगी। जिस प्रकार से चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए सभी ने अपनी भूमिका निभाई इस प्रकार से यह उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाली सरकार भी देश की जनता की कसौटियों पर खड़ी उतरेगी और आम जन से जुड़ी बुनियादी समस्याओं के निराकरण की दिशा में अपनी जिम्मेदारियां से पीछे नहीं हटेगी।

# ईवीएम किसकी सरकार बनाएगी

**देश का आम चुनाव हमेशा से ही एक पर्व की तरह मनाया जाता है। इसमें हर राजनैतिक दल अपने अपने वोटरों के पास अगले पांच साल के लिए उनके मत की अपेक्षा में उन्हें बड़े–बड़े वादे देकर लुभाने की कोशिश करते हैं, परंतु देश की जनता भी यह जान चुकी है कि दल चाहे कोई भी हो, राजनैतिक वादे सभी दल ऐसे करते हैं कि मानो जनता उनके लिए पूजनीय है और ये नेता उनके लिए कुछ भी करने को तैयार हैं, परंतु क्या वास्तव में ऐसा होता है कि चुनावी वादे पूरे किए जाते हैं? चुनाव का आयोजन करने वाली सवीच्च सांविधानिक संस्था केंद्रीय चुनाव आयोग इन चुनावों को कितनी पारदर्शिता से कराती है इसकी बात बीते कई महीनों से सभी कर रहे हैं। चुनाव आयोग की प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि हर दल को पूरा मौका दिया जाए और निर्णय देश की जनता के हाथों में छोड़ दिया जाए। बीते कुछ महीनों में चुनाव आयोग पर पहले ईवीएम को लेकर और फिर वीवीपैट को लेकर काफी विवाद रहा।**

रजनीश कपूर

वर्ष 2024 के लोक सभा चुनाव अपने अंतिम चरण तक पहुंच गए हैं। आने वाले दिनों में सभी को चुनावी एग्जिट पोल और 4 जून का बेसब्री से इंतजार रहेगा। सभी यह देखना चाहेंगे कि विवादों में घिरी ह्यईवीएमह्ल किसकी सरकार बनाएगी?

हर राजनैतिक दल बड़े–बड़े दावे कर रहा है कि उसका दल या उसके समर्थन वाला समूह सरकार बनाने जा रहा है। ऐसे में यह भी देखना जरूरी है कि केंद्रीय चुनाव आयोग जिसकी कार्यशैली पर कई सवाल उठे, वह इस चुनाव को कितनी पारदर्शिता से संपूर्ण करेगा?

देश का आम चुनाव हमेशा से ही एक पर्व की तरह मनाया जाता है। इसमें हर राजनैतिक दल अपने अपने वोटरों के पास अगले पांच साल के लिए उनके मत की अपेक्षा में उन्हें बड़े–बड़े वादे देकर लुभाने की कोशिश करते हैं, परंतु देश की जनता भी यह जान चुकी है कि दल चाहे कोई भी हो, राजनैतिक वादे सभी दल ऐसे करते हैं कि मानो जनता उनके लिए पूजनीय है और ये नेता उनके लिए कुछ भी करने को तैयार हैं, परंतु क्या वास्तव में ऐसा होता है कि चुनावी वादे पूरे किए जाते हैं?

चुनाव का आयोजन करने वाली सवीच्च सांविधानिक संस्था केंद्रीय चुनाव आयोग इन चुनावों को कितनी पारदर्शिता से कराती है इसकी बात बीते कई महीनों से सभी कर रहे हैं। चुनाव आयोग की प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि हर दल को पूरा मौका दिया जाए और निर्णय देश की जनता के हाथों में छोड़ दिया जाए। बीते कुछ महीनों में चुनाव आयोग पर पहले ईवीएम को लेकर और फिर वीवीपैट को लेकर काफी विवाद रहा। हर विपक्षी दल ने एक सुर में यह आवाज लगाई कि देश से ईवीएम को हटा कर बैलट पेपर पर ही चुनाव कराया जाए, परंतु देश की शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश देते हुए अधिक सावधानी बरतने को कहा और ईवीएम को जारी रखा।

इन विवादों के बाद चुनाव् की मतगणना को लेकर फॉर्म 17सी पर एक नई बहस उठी जो देश की शीर्ष अदालत जा पहुंची। दरअसल, फॉर्म 17सी वह फॉर्म होता है जिसमें चुनाव संचालन नियम, 1961 के तहत देशभर के प्रत्येक मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों का रिकार्ड होता है। फॉर्म 17सी में मतदान केंद्र के कोड नंबर और नाम, मतदाताओं की संख्या। उन मतदाताओं की संख्या जिन्होंने मतदान न करने का निर्णय लिया। उन मतदाताओं की संख्या जिन्हें मतदान करने की अनुमति नहीं मिली। दर्ज किए गए वोटों की संख्या। खारिज किए गए वोटों की संख्या। वोटों के खारिज करने के कारण। स्वीकार किए गए वोटों की संख्या। डाक मतपत्रों का डाटा भी शामिल होता है।

इस जानकारी को मतदान अधिकारियों द्वारा भरा जाता है और प्रत्येक बूथ के पीठासीन अधिकारी द्वारा जांचा भी जाता है। मतगणना के दिन, गिनती से पहले, फॉर्म 17सी के दूसरे भाग में प्रत्येक बूथ से गिने गए कुल वोट व डाले गए कुल वोटों की समानता को जांचा जाता है। यह व्यवस्था किसी भी पार्टी द्वारा वोटों में हेर-फेर से बचने के लिए बनाई गई है। यह डाटा मतगणना केंद्र के पर्यवेक्षक द्वारा दर्ज किया जाता है। प्रत्येक उम्मीदवार (या उनके प्रतिनिधि) को फॉर्म पर हस्ताक्षर करना होता है, जिसे रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जांचा जाता है। इसके बाद ही मतों की गिनती शुरू होती है। गौरतलब है कि मतदान डाटा का उपयोग चुनाव परिणाम को कानूनी रूप से चुनौती देने के लिए किया जा सकता है। एक ओर जहां चुनाव में ईवीएम से छेड़छाड़ पर सवाल उठाया गया है वहीं फॉर्म 17सी से मतदान में हुई गड़बड़ी (यदि हुई हो तो) का पता चल सकता है।

जिस तरह पहले और दूसरे चरण के मतदान के आंकड़ों को जारी करने में देरी व बदलाव को लेकर चुनाव आयोग पर प्रश्न उठा तो विपक्ष ने फॉर्म 17सी को लेकर विवाद खड़ा कर दिया। देश की शीर्ष अदालत में चुनाव आयोग ने अपना पक्ष रखा और विपक्षी पार्टियों ने अपना पक्ष रखा, परंतु सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कोई निर्णय नहीं दिया। बीते सप्ताह देश के नामी वकील और सांविधानिक विशेषज्ञ कपिल सिब्बल ने प्रेस सम्मेलन में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से एक चेकलिस्ट जारी की।

सिब्बल ने हर राजनैतिक दल और उनके मतदान/मतगणना एजेंटों के लिए आगामी 4 जून को आम चुनाव की गिनती से पहले जारी की गई इस चेकलिस्ट के माध्यम से यह समझाया है कि उन्हें कब क्या देखना है। सिब्बल के अनुसार ह्यबहुत से लोग कह रहे हैं कि इन मशीनों के साथ संभवतः छेड़छाड़ की गई है। इसलिए, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनके साथ कोई छेड़छाड़ न हो, इससे ज्यादा कुछ नहीं ह्ल सिब्बल की इस चेकलिस्ट का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है। जिस तरह चुनाव आयोग इवीएम और वीवीपैट को लेकर पहले से ही विवादों में घिरा हुआ है उसे चुनाव में पारदर्शिता का न केवल दावा करना चाहिए बल्कि पारदर्शी दिखाई भी देना चाहिए।

# जलवायु संकट और भारत

अशोक शर्मा

वर्ष 2015 के पेरिस जलवायु सम्मेलन में यह तय हुआ था कि वैश्विक तापमान को औद्योगिक युग से पहले के तापमान से 1. 5 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं बढ़ने दिया जायेगा। लेकिन अब विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वर्तमान नीतियों पर ही दुनिया चलती रही, तो इस लक्ष्य को पूरा करना असंभव है। कुछ समय पहले संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने विकसित देशों और बड़ी कंपनियों की आलोचना करते हुए कहा था कि ये सभी वादे तो बड़े–बड़े करते हैं, पर उसे पूरा नहीं करते। हालांकि भारत को अपनी विकास आकांक्षाओं को साकार करने के लिए बड़ी मात्रा में ऊर्जा की आवश्यकता है तथा उसके लिए जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता में बड़ी कटौती कर पाना कठिन है, फिर भी भारत ने स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग को बढ़ाने को अपनी नीतिगत प्राथमिकता बनाया है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका, चीन और यूरोप के अनेक विकसित देशों की तुलना में भारत में प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन बहुत कम है। यह अमेरिका में 14. 44, चीन में 8. 85 और जर्मनी में 8. 16 मेट्रिक टन है, जबकि भारत में प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन केवल 1. 91 मेट्रिक टन है। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट हरित ऊर्जा उत्पादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत 2070 तक अपने कार्बन उत्सर्जन को शून्य के स्तर पर लाने की दिशा में अग्रसर है। कुछ समय पहले राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की घोषणा की गयी है।अंतरिम बजट में कृषि अवशिष्टों के ऊर्जा स्रोत में बदलने के लिए वित्तीय उपायों की घोषणा हुई है। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सूर्योदय योजना की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत निम्न आय वर्ग के एक करोड़ घरों पर सोलर पैनल लगाये जायेंगे। बजट में प्रावधान किया गया है कि इन घरों को मुफ्त बिजली भी मिलेगी और वे अपने यहां उत्पादित बिजली के अधिशेष को बिजली ग्रिडों को बेचकर कमाई भी कर सकेंगे। पेरिस जलवायु सम्मेलन के बाद ही भारत और फ्रांस के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस का गठन हुआ था, जिसमें 125 से अधिक देश शामिल हो चुके हैं। इस प्रकार भारत न केवल देश में वैकल्पिक और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रयासरत है, बल्कि वह वैश्विक सहभागिता को भी प्रोत्साहित कर रहा है। दुबई जलवायु सम्मेलन में भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को जानकारी दी थी कि 2021–22 में भारत ने 13। 35 लाख करोड़ रुपये जलवायु प्रयासों पर खर्च किया है, जो सकल घरेलू उत्पादन का लगभग 5। 6 प्रतिशत हिस्सा है।

## सचमुच गालीप्रूफ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के शायद एकमात्र ऐसे नेता हैं जिनके किसी भी कृत्य पर, किसी भी वक्तव्य पर, किसी भी विचार और अभिव्यक्ति की किसी भी भंगिमा पर सामान्य प्रतिक्रिया नहीं होती।प्रतिक्रियाओं की हिलोर उठती है जो एक तरफ इनके अनुयायियों, प्रशंसकों और भक्तों को उत्साहित, प्रफुल्लित और उमंगित कर देती है तो दूसरी ओर उनके निंदकों को चिढ़ा देती है, उनमें विरोध पैदा करती है और कभी–कभी दुर्दभनीय गुस्सा भी पैदा करती है।शायद इस समय मोदी दुनिया के एकमात्र नेता होंगे जिनकी इतनी कटु आलोचना की गई हो। मोदी बड़े ठहरे हुए अंदाज में स्वयं को दी गई गालियों की संख्या और प्रकृति का जिक्रकरते हैं और यह भी कहते हैं कि वह गालीप्रूफ हो चुके हैं। उनकी मुद्रा से लगता भी यही है कि वे सचमुच गालीप्रूफ हो चुके हैं।अब चुनाव के दौर में एक–एक दिन में कई–कई रैलियों को अनथक संबोधित करने के बाद और विरोध तथा समर्थन की अनेकानेक प्रतिक्रिया उत्पन्न करने के बाद प्रचार की समाप्ति पर उन्होंने 48 घंटे मौन व्रत साधना कन्याकुमारी के विवेकानंद स्मारक पर करने का निर्णय लिया तो उनका यह भला सा लगने वाला कदम भी विपक्षियों को कुरेदे बिना नहीं रह सका।

# पर्यटकों को लुभाने की रणनीति बने

डॉ जयंतीलाल

लक्षद्वीप विश्व पर्यटन मानचित्र पर छाते हुए दिख रहा है। चार जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लक्षद्वीप पर पहुंचे थे। उन्होंने अपनी तस्वीरें साझा कीं और भारतीयों से लक्षद्वीप घूमने की अपील करते हुए कहा कि जो लोग रोमांच पसंद करते हैं, उनके लिए लक्षद्वीप लिस्ट में टॉप होना चाहिए। वस्तुतः इसे प्रधानमंत्री मोदी का अप्रत्यक्ष रूप से यह संदेश माना गया कि लक्षद्वीप के शानदार समुद्री तट प्राकृतिक सौंदर्य के साथ शांति के मामले में भी मालदीव को टक्कर देते है। इस पर मालदीव सरकार के तीन मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कर दी, जिनकी तीखी आलोचना भारत की नामी हस्तियों ने की। देखते–देखते करीब 4000 भारतीय पर्यटकों ने मालदीव की होटल बुकिंग रद्द कर दी और 3000 भारतीयों ने हवाई टिकट वापस कर दिये। लक्षद्वीप के लिए होटलों और हवाई टिकटों की बुकिंग बढ़ती दिख रही है। ऐसे सख्त रुख के बाद मालदीव सरकार सकते में आ गयी और उन तीनों मंत्रियों को निलंबित कर दिया गया। दुनिया का यह पहला ऐसा मामला रहा, जब किसी अन्य देश के नेता पर टिप्पणी पर मंत्री निलंबित हुए हों। इस घटनाक्रम से देश–दुनिया में यह संदेश गया कि भारत के पास ऐसे पर्यटन स्थलों का बेजोड़ खजाना है, जहां कम समय और खर्च में विदेशी पर्यटन की चाह रखने वाले जा सकते हैं।

एक ऐसे समय में जब दुनिया में पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध देशों में भारतीय पर्यटकों को लुभाने की होड़ लगी हुई है, तब लक्षद्वीप का यह हालिया पर्यटन घटनाक्रम और अन्य घरेलू पर्यटन स्थलों को रेखांकित करते हुए नये रणनीतिक प्रयास न केवल भारतीय पर्यटकों के विदेशी पर्यटन स्थलों की ओर बढ़ते प्रवाह को कम करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं, बल्कि अन्य देशों के पर्यटकों को भी आकर्षित करने में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। पिछले दिनों श्रीलंका, थाईलैंड और मलयेशिया ने भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने तथा विदेशी मुद्रा की कमाई बढ़ाने के मद्देनजर वीजा मुक्त प्रवेश की पहल की है। ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम और रूस सहित कुछ दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों में भी भारतीय पर्यटकों के लिए वीजा की प्रक्रिया आसान बनायी गयी है। वस्तुतः अमेरिका और यूरोपीय संघ के कई देशों के वीजा के लिए प्रतीक्षा अवधि लंबी होने और चीनी पर्यटकों की संख्या कम होने के कारण भी ये देश विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने की नयी रणनीतियां बना रहे हैं। पर्यटन प्रधान देशों में उन शोध अध्ययनों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिनमें कहा जा रहा है कि भारतीय मध्य वर्ग की बढ़ती क्रय शक्ति के कारण उनमें विदेश यात्रा की ललक बढ़ी है। भारतीय पर्यटकों के लिए भारत के अच्छे पर्यटन स्थल महंगे और मुश्किल भरे हुए हैं। ऐसे में भारतीय पर्यटकों को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास हो रहे हैं। सबसे अधिक विदेशी पर्यटकों के लिए रेखांकित हो रहे फ्रांस, स्पेन, अमेरिका, चीन और इटली हों या फिर सिंगापुर, वियतनाम, थाईलैंड, इंडोनेशिया, हांगकांग, मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात जैसे छोटे देश हों, ये सभी पर्यटन विकास सूचकांक में ऊंचाई पर हैं।

इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारतीय पर्यटकों की विदेश यात्राओं में किये जाने वाले खर्च का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, पर विदेशी पर्यटकों द्वारा भारत में किये जाने वाले खर्च में वैसी ऊंचाई नहीं है। विदेशी पर्यटकों द्वारा भारत में खर्च 2019 से 76 फीसदी की वृद्धि के साथ 2027 तक करीब 60 अरब डॉलर पर पहुंचते हुए दिखाई देगा और परिणामस्वरूप भारत विदेशी पर्यटकों से कमाई के मामले में दुनिया के प्रमुख 10 बाजारों में शामिल नहीं हो पायेगा। यदि हम बर्नस्टीन की इस रिपोर्ट का विश्लेषण करें, तो पाते हैं कि यद्यपि भारत में भी कोविड–19 के बाद विदेशी पर्यटक बढ़ रहे हैं और उनसे आमदनी बढ़ रही है, लेकिन विदेश जाने वाले भारतीयों द्वारा किये जा रहे भारी व्यय की तुलना में वह बहुत कम है। अभी दुनिया के विदेशी पर्यटकों का दो फीसदी से भी कम हिस्सा भारत के खाते में आ रहा है।

एक ओर जहां भारतीयों का विदेशी पर्यटन की तरफ बढ़ता रुझान घरेलू पर्यटन के लिए नुकसान की तरह है, वहीं देश के विदेशी मुद्रा कोष को घटाने वाला भी है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप देश में विदेशी पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पर्यटन के व्यापक बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं को नयी वैश्विक पर्यटन सोच के साथ आकार दिया गया है। बेहतर सड़क, रेल और हवाई संपर्क से भी विदेशी पर्यटन को बढ़ाने के प्रयास किये गये हैं। कश्मीर सहित देश के पर्यटन केंद्र अब पहले से अधिक सुरक्षित हैं। पर्यटन बजट में लगातार वृद्धि की गयी है। खास बात यह भी है कि सरकार ने जी–20 की अध्यक्षता के दौरान समूह की बैठकों को 80 से अधिक शहरों में आयोजित किया गया था। वह भारत आये विदेशी प्रतिनिधियों और मेहमानों को पर्यटन स्थलों का भ्रमण करवा कर इनके वैश्विक प्रचार–प्रसार का अभूतपूर्व मौका रहा।

# नेहा शर्मा की वेब सीरीज 36 डेज का ट्रेलर जारी, मर्दों को प्यार के जाल में फंसाकर किसे बेनकाब करने आईं है फराह



एक्ट्रेस नेहा शर्मा की मोस्ट पॉपुलर सीरीज इल्लीगल का सीजन 3 आज ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज हो गया है. इस सीरीज के दो सीजन काफी हिट रहे थे वहीं तीसरे सीजन को भी काफी पसंद किया जा रहा है. वहीं नेहा शर्मा की एक और अपकमिंग सस्पेंस–थ्रिलर सीरीज 36 डेज़– सीक्रेट इज इंजूरियस टू हेल्थ का ऑफिशियल ट्रेलर भी आज रिलीज कर दिया गया गैय..

सीरीज में नेहा एक रहस्मय महिला के किरदार मे हैं. ट्रेलर की शुरुआत बैकग्राउंड से आवाज आती है हमारी नई टेनेंट मिली थी मुझे. ये सुनकर कोई और पूछता है कैसी है. इसके बाद नेहा शर्मा बिकिनी पहने हुए पूल में उतरती हुई नजर आती हैं. वहीं कुछ पड़ोस के मर्द उन्हें घूरते हुए नजर आते हैं. इसके बाद शो में शारिब हाशमी की एंट्री होती है और वे नेहा से मुलाकात करने के बाद कहते हैं मैं ऋषिकेश जयकर.

इसके बाद फिर बैकग्राउंड से एक फीमेल वॉइस आती है जो कहती है तू भी हर किसी की तरह उसे घास डालने की सोच रहा है क्या. इसके बाद शुरू होती है सस्पेंस से भरी कहानी. नेहा कहती नजर आती हैं किसी को खोने का दर्ज मुझसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता. सीरीज में नेहा का नाम फराह है. ट्रेलर में आगे नेहा गन लिए हुए नजर आती हैं. ओवरॉल ट्रेलर फरेब की कहानी बयां करता है और सभी कैरेक्टर झूठ, धोखे और यहां तक कि प्यार के जाल में उलझे हुए नजर आते हैं. अब नेहा फरेब करती हैं या वे खुद विक्टिम हैं ये तो सीरीज के आने के बाद ही पता चल पाएगा. 1 मिनट 40 सेकंड की यह क्लिप दर्शकों को थ्रिल की राइड का वादा करती है.

शो की लीड एक्ट्रेस नेहा शर्मा ने ट्रेलर को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पहेली कैप्शन के साथ शेयर किया है. इसमें लिखा है, हर कहानी के हमेशा 3 साइड होते हैं – आपका साइड, मेरा साइड... और सच्चाई. लेकिन क्या होगा अगर सच्चाई रहस्यों की दीवार के पीछे छिपी हो? बता दें कि इस शो का प्रीमियर जल्द ही सोनी लिव पर होगा. सीरीज की अट्रैक्टिल टैगलाइन है, रहस्य को छिपाकर रखना हानिकारक है.

## चैंपियंस लीग खिताब जीतने के बाद फ्लोरेंटिनो पेरेज़ ने कहा, हमें 16वीं ट्रॉफी भी चाहिए

नई दिल्ली, रियल मैड्रिड ने डॉर्टमुंड पर 2–0 की जीत के साथ टीम को रिकॉर्ड 15वीं यूईएफए चैंपियंस लीग ट्रॉफी दिलाई। रियल मैड्रिड अध्यक्ष फ्लोरेंटिनो पेरेज़ ने फ़ाइनल जीतने के बाद दावा किया कि क्लब पहले से ही अगले खिताब पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।फ्लोरेंटिनो पेरेज़ ने पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि हम पहले से ही अगले खिताब पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम 16वां खिताब जीतना चाहते हैं। रियल मैड्रिड की 15वीं यूरोपीय उपलब्धि तक की यात्रा बेहद रोमांचक रही। मैड्रिड को फाइनल तक पहुंचने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जहां उसे आरबी लीपजिग़, गत विजेता मैनचेस्टर सिटी और एफसी बायर्न म्यूनिख को हराना था। रियल मैड्रिड के लिए पहला गोल डानी कार्वाहाल ने 74वें मिनट में किया। इसके बाद डॉर्टमुंड ने भी अटैक शुरू किया ।

# श्रीलंका से ऐसी उम्मीद नहीं थी! पहले ही मैच में टेक दिए घुटने



नई दिल्ली। श्रीलंकाई टीम की टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत बेहद खराब रही है। ये टीम अपने पहले ही मैच में एक खराब रिकॉर्ड अपने नाम कर गई है। श्रीलंकाई टीम का सामना सोमवार को साउथ अफ्रीका से था।

न्यू यॉर्क में खेले जा रहे इस मैच में श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसारंगा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाजों ने जो खेल दिखाया उसकी उम्मीद किसी को नहीं थी।

साउथ अफ्रीका के गेंदबाजों के सामने श्रीलंकाई बल्लेबाज कुछ नहीं कर पाए और एक–एक कर अपने विकेट खोते रहे। श्रीलंकाई पारी इस मैच में ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और 19.1 ओवरों में 77 रनों पर ढेर हो गई।

### बना दिया खराब रिकॉर्ड

श्रीलंकाई टीम का ये टी20 वर्ल्ड कप में सबसे कम स्कोर है। इससे पहले श्रीलंका का टी20 वर्ल्ड कप में सबसे कम स्कोर 87 था जो उसने ब्रिजटाउन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाया था। लेकिन इस बार श्रीलंका ये स्कोर भी पार नहीं कर पाई। श्रीलंका के बल्लेबाजों से इतने खराब प्रदर्शन की उम्मीद किसी ने नहीं की थी। श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे साफ पता चल रहा था कि वह सीख नहीं रहे हैं। मसलन शुरुआती बल्लेबाज बड़े शॉट्स खेलने की गलती में आउट हुए।

# मिस्टर एंड मिसेज माही बॉक्स ऑफिस पर छाई, पहले दिन की जोरदार कमाई

जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव पिछले काफी समय से फिल्म मिस्टर और मिसेज माही को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।31 मई को आखिरकार उनकी यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई, जिसे दर्शकों और समीक्षकों से मिली–जुली प्रतिक्रिया मिल रही है।कोई फिल्म की तारीफ कर रहा है तो कोई बुराई। खैर, जो भी हो, बॉक्स ऑफिस पर तो मिस्टर एंड मिसेज माही का बल्ला खूब चला है। पहले दिन फिल्म ने शानदार कमाई की है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मिस्टर एंड मिसेज माही ने रिलीज के पहले दिन 7 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म की ओपनिंग काफी शानदार रही है। दरअसल फिल्म ने रिलीज से पहले ही एडवांस बुकिंग में अच्छा कलेक्शन कर लिया था।इसने 2024 की रिलीज फाइटर और बड़े मियां छोटे मियां सहित कई बड़ी फिल्मों के एडवांस बुकिंग कलेक्शन का रिकॉर्ड तोड़ा था, वहीं अब वीकेंड पर भी इस फिल्म के बंपर कमाई करने की उम्मीद है।मिस्टर एंड मिसेज माही एक स्पोर्ट्स ड्रामा है। क्रिकेट के प्रति राजकुमार का जुनून और प्यार के खातिर मैदान में उतरीं जाह्नवी की केमिस्ट्री दर्शकों को भा गई है।महेंद्र बने राजकुमार का बचपन से क्रिकेटर बनने का सपना है, लेकिन वह किसी वजह से यह ख्वाब पूरा नहीं कर पाता है। हालांकि, महेंद्र के ख्वाब को पूरा करने महिमा (जाह्नवी) मैंदान में आती है।पेशे से डॉक्टर महिमा अपने पति के सपनों को जीती है।फिल्म में राजकुमार और जाह्नवी के अलावा कुमुद मिश्रा, अभिषेक बनर्जी, जरीना वहाब और राजेश शर्मा जैसे शानदार कलाकारों ने काम किया है।जाह्नवी फिल्म में खूब चौके–छक्के लगाती दिखी हैं।

## दिव्या की सवीः ए ब्लडी हाउसवाइफ का गाना खोल पिंजरा जारी

पिछले कुछ दिनों से अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार अपनी आगामी फिल्म सवीः ए ब्लडी हाउसवाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रही है।इन दिनों अभिनेत्री इसी फिल्म के प्रचार–प्रसार में व्यस्त हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है।यह फिल्म 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।अब इससे पहले निर्माताओं ने सवीः ए ब्लडी हाउसवाइफ का गाना खोल पिंजरा जारी कर दिया है, जिसे सुनिधि चौहान ने अपनी आवाज दी है।

खोल पिंजरा गाने के बोल रितजया बनर्जी ने लिखे हैं।

# बैटिंग, बॉलिंग नहीं इस बात के लिए मशहूर थे केदार जाधव



नई दिल्ली। केदार जाधव ने सोमवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। जाधव लंबे समय तक टीम इंडिया से बाहर थे और उनकी वापसी की कोशिशें कामयाब नहीं हो रही थीं। अंत में उन्होंने क्रिकेट को अलविदा कहने का मन बना लिया। केदार एक समय टीम इंडिया के मिडिल ऑर्डर की जान थे। उन्होंने अपने बल्ले से कई अहम पारियां खेलीं। महेंद्र सिंह धोनी के साथ मिलकर उन्होंने निचेल क्रम में कई अहम साझेदारियां कीं लेकिन फिर भी केदार की पहचान एक अलग चीज के कारण बनी थी। इस बात में कोई शक नहीं है कि वह एक समय टीम का अहम हिस्सा थे और उनका रहना जीत की गारंटी माना जाने लगा था। वह अपनी ऑफ स्पिन से भी काफी प्रभावित करते थे। अपनी गेंदबाजी से भी कई बार उन्होंने टीम को अहम सफलताएं दिलाईं।

### अजीब था एक्शन

जाधव एक ऑफ स्पिनर थे। लेकिन बल्लेबाज उनकी ऑफ स्पिन से ज्यादा उनके अजीब एक्शन से परेशान हो जाता था और गलती कर उन्हें विकेट दे बैठता था। केदार का गेंदबाजी एक्शन बहुत अजीब था। वह काफी झुककर साइड से हाथ लाते हुए गेंद फेंकते थे। इससे गेंद को वो उछाल नहीं मिलता था जो हाथ सीधा रखकर गेंद को फेंकने से मिलता था। बल्लेबाज को समझ नहीं आता था कि वह इस तरह की गेंद को कैसे खेलें और इसी कारण वह गलत शॉट खेल विकेट दे बैठते थे।

# पौड़ी पुलिस ने लाखों की ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के ठग को जयपुर से किया गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पुलिस ने 4 लाख 20 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के ठग को जयपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। अभियोग उपरोक्त में संलिप्त महिला माया देवी पत्नी रवि कुमार, निवासी कुसुमपुर अजीतगढ़, थाना अजीतगढ़ जिला नीमकाथाना, राजस्थान को 41 सीआरपीसी का नोटिस दिया गया है। गैंग के सदस्य फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर आमजन को सेक्सटॉर्शन के नाम पर पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज होने के नाम पर धोखाधड़ी करते है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 3 मई 24 को वादी देव पुंडीर पुत्र सते सिंह निवासी निकट पुलिस लाईन पौड़ी ने कोतवाली पौड़ी पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि अज्ञात व्यक्ति ने वादी के व्हाट्स ऐप पर वीडियो कालिंग कर वीडियो बनाकर ब्लैक मेल करने तथा उसके खिलाफ राजस्थान पुलिस में एफआईआर दर्ज होने की बात कही। अज्ञात व्यकक्त ने वादी को डरा धमकाकर धोखाधड़ी कर वादी से 4,20,000/- की धनराशि अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कराये। इस शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर कोतवाली पौड़ी पर आईपीसी की धारा 384, 420, 504, 506 के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने निर्देश पर गठित पुलिस टीम द्वारा ठोस साक्ष्य संकलन व कुशल सुरागरसी पतारसी कर अथक प्रयासों से उक्त अभियोग में संलिप्त अभियुक्त विशाल वाल्मीकि पुत्र रवि कुमार निवासी मोहल्ला कुसुमपुरा, थाना अजीतगढ़, जिला नीमकाथाना, राजस्थान को गत शनिवार को जयपुर, राजस्थान से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक नवीन पुरोहित, हेड़ कांस्टेबल त्रिलोक, कांस्टेबल अमरजीत, हरीश, अरविंद कुमार आदि शामिल थे।

# पुलिस ने किया गोदाम में हुई चोरी का खुलासा

### चोरी के सामान सहित एक गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोतवाली पुलिस ने सिताबपुर देवीरोड में हुई चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी के सामान सहित मेरठ उत्तर प्रदेश निवासी एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।




कोतवाली पुलिस के अनुसार 27 मई 2024 को वादी गौरव भाटिया निवासी सीताबपुर देवीरोड़, थाना कोटद्वार जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा कोतवाली कोटद्वार पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी कि अज्ञात व्यक्ति ने वादी के गिवाई स्त्रोत स्थित गोदाम से बर्तन, पीतल का सामान व कॉपर की तारें चोरी कर दी है। प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली कोटद्वार पर आईपीसी की धारा 380 तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में सम्भावित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों को चैक करते हुये व पतारसी सुरागरसी करते हुए रविवार देर सांय अभियोग उपरोक्त में संलिप्त अभियुक्त सलमान पुत्र बाबू निवासी बड़ा मवाना, गली नंबर-07, थाना मवाना, जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश को फायर स्टेशन पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मेहराजुद्दीन, आरक्षी चंद्रपाल, आरक्षी गौरव यादव आदि शामिल थे।

## एक नजर

### प्रधानाचार्य के रिक्त पदों को पदोन्नति से भरने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** राजकीय शिक्षक संघ पौड़ी के पूर्व जिला मंत्री मनमोहन चौहान ने राजकीय इंटर कालेजों में रिक्त प्रधानाचार्य के पदों को शिक्षकों की पदोन्नति से भरने की मांग की है। कहा कि संघ काफी समय से प्रधानाचार्य के पदों को शिक्षकों की पदोन्नति से भरने की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। जिससे शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के अधिकांश राजकीय इंटर कॉलेज में नियमित प्रधानाचार्य न होने से शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होने के साथ-साथ कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ही शिक्षण के साथ-साथ प्रभारी प्रधानाचार्य व लिपिक जैसे कई दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। वहीं समय पर पदोन्नति न होने से शिक्षक जिस पद पर नियुक्त हो रहे हैं उन्हीं पदों से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से इस संबंध में अविलंब निर्णय लेने की मांग की है।

### इक्कीसवां वार्षिकोत्सव 8 जून से

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** श्री बालाजी मंदिर का इक्कीसवां वार्षिकोत्सव आगामी 8 जून से शुरू होगा। अनिल कंसल अध्यक्ष वार्षिक महोत्सव समिति श्री बालाजी मंदिर कोटद्वार ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 जून को प्रातः बजे पूजन, 9 जून को सांय 5 बजे श्री बालाजी रथ यात्रा निकाली जायेगी। 10 जून को पूर्णाहुति, सांय 6 बजे भव्य छप्पन भोग, रात्रि 9 बजे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 11 जून को प्रातः 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### 21 जून से शुरू होगा वार्षिक पूजन

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** भारत के सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के गांव घीड़ी में हर वर्ष होने वाले कुलदेवी मां बालकुंवारी का दो दिवसीय वार्षिक पूजन, भंडारा व ग्रामवासी-प्रवासी मिलन 21 जून से शुरू होगा। पिछले 25 सालों से हर साल यह वार्षिक पूजन किया जाता है। वार्षिक पूजन को लेकर तैयारियां भी शुरू हो गई है। मंडल मुख्यालय से 33 किलोमीटर दूर घीड़ी में होने वाले वार्षिक पूजन में एनएसए डोभाल सहित गांव के लगभग सभी प्रवासी शामिल होते हैं। साथ ही गगवाड़स्यूं के निचले हिस्से के सभी गांव और बनेलस्यूं के कई गांव के ग्रामीण भी शामिल होते हैं कमंदिर समिति के अध्यक्ष संजय बडोनी ने बताया कि इस विशेष पहल से पिछले वर्षों में प्रवासियों ने अपने खंडहर हुए घरों को न केवल नया बनाया, बल्कि इससे रिवर्स पलायन को भी बढ़ावा मिला है। बताया कि वार्षिक पूजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं।

### श्रीनगर के एटीएम में कैश की किल्लत, यात्री परेशान

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर में सोमवार सुबह से ही स्थानीय लोग और यात्री कैश के लिए परेशान रहे। एक से दूसरे एटीएम के चक्कर लगाने के बावजूद लोगों को कैश नहीं मिला। शहर के अधिकांश एटीएम में कैश की किल्लत रही। श्रीनगर बाजार में सोमवार को अधिकतर एटीएम के बाहर कैश नहीं है का पोस्टर चस्पा दिखा। केदारनाथ यात्रा पर जा रहे ऋषिकेश निवासी सौरभ ने बताया कि उन्हें रास्ते में किराए और अन्य खाने पीने की जरूरी चीजों के लिए कैश की आवश्यकता होगी। इसलिए वो शहर के अनेक एटीएमों में गए लेकिन उन्हें कहीं भी कैश नहीं मिला। उन्होंने बताया कि अन्य लोग भी ऐसे ही भटकते दिखे।

### गुलदार ने घोड़े पर पर किया हमला, लोगों में दहशत

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत चौरास के संगम विहार में रविवार देर रात्री गुलदार ने घोड़े पर हमला कर उसे बुरी तरह से जख्मी कर दिया। क्षेत्र पंचायत सदस्य साकरौं प्रताप भंडारी ने बताया कि गुलदार के हमले के बाद से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी वन विभाग को भी दे दी गयी है। कीर्तिनगर डांगचौरा रेंज के वनक्षेत्राधिकारी बुद्धि प्रकाश ने बताया कि गुलदार से सम्बंधित हमले की सूचना वन विभाग को मिल गयी थी। वन विभाग की टीम ने गुलदार प्रभावित क्षेत्र में गश्त शुरू कर दी है। (एजेंसी)

### श्रीनगर में लगा जाम

श्रीनगर गढ़वाल : इन दिनों चारधाम यात्रा चल रही है। यात्रा में सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। श्रीनगर में पहले से जाम की समस्या रही है। सोमवार को यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को जाम के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ा। साथ ही स्थानीय लोग को भी जाम के चलते परेशान नजर आए। जाम के चलते रोड क्रॉस करने में भी लोगों को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

# धुवपुर-सत्तीचौड़-कण्वाश्रम मोटर मार्ग के डामरीकरण की उठाई मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने ध्रुवपुर-सत्तीचौड़-कण्वाश्रम मोटर मार्ग के डामरीकरण की मांग की। कहा कि समिति कई बार इस मांग को उठा चुकी है, लेकिन अभी तक हालात जस के तस है। मार्ग का डामरीकरण न होने से वाहन चालकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सोमवार को आयोजित समिति की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भाबर क्षेत्र को मुख्य बाजार से जोड़ने वाला यह एकमात्र मार्ग है। वर्तमान में इसकी हालत बहुत खराब है। कहा कि समिति की ओर से इस मांग को बार-बार उठाने के बाद भी शासन-प्रशासन की ओर से इस पर ध्यान नहीं दिया गया। अभी मालन पुल नहीं बन पाया है। ऐसे में भाबर क्षेत्र के लिए जाने वाले वाहन इस मोटर मार्ग से चलते हैं। लेकिन खेद का विषय है कि इस मोटर मार्ग के सुधारीकरण की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।

बैठक में समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत, गजेंद्र धस्माना, कुबेर जलाल, प्रमोद रावत, देवेंद्र बिष्ट, सुभाष कुकरेती, ठाकुर सिंह और सुरेश नेगी सहित अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## हुड़दंग करना पांच लोगों को पड़ा भारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : हुड़दंग करना पांच लोगों को भारी पड़ गया। पुलिस ने इनके खिलाफ पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की है। शहर के लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास सोमवार को झगड़ा कर हुड़दंग कर रहे 5 व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की है। कोतवाल एनके भट्ट ने बताया कि धार्मिक व पर्यटन स्थलों में हुड़दंग करने वाले, गंदगी फैलाने वाले व मादक पदार्थों का सेवन कर लोक शांति को प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगतार कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास झगड़ा कर हुड़दंग कर रहे शैलेंद्र सिंह नेगी, अंकुर रावत, सरजल, राहुल, राहुल राज के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

# सकारात्मक सोच के साथ जीना ही सच्चा जीवन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सुकून एवं आनंद की अनुभूति प्रदान करने वाले निरंकारी संत समागम का विशाल आयोजन हल्दुखाता में किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने सम्मिलित होकर सत्संग का भरपूर आनंद प्राप्त किया और सतगुरु के प्रवचनों का श्रवण कर अपने जीवन को कृतार्थ किया। संतों ने संसार से विरक्ति लेने को जीवन नहीं बताया अपितु परमात्मा को अपने जीवन में शामिल करते हुए हर पल सकारात्मक सोच के साथ जीने को ही सच्चा जीवन बताया है। इस अवसर पर निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा ने हल्दुखाता निरंकारी सत्संग भवन का उद्घाटन भी किया।

सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने समागम में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को सम्बोधित करते हुए बताया कि हमारी आत्मा का इस परमात्मा से इकमिक होकर मोक्ष की प्राप्ति करना ही मनुष्य जीवन का परम् लक्ष्य है, जिसके लिए हम सब एक आध्यात्मिक सफर पर है और इस पर चलकर हम वास्तविक रूप में ईश्वर से जुड़कर भक्तिमार्ग की ओर अग्रसर हो सकते है। यह आत्मिक संबंध ही वास्तव में स्थायी आनंद की प्राप्ति है। मुक्तिमार्ग के विषय में समझाते हुए सतगुरु माता ने बताया कि प्राचीन समय से ही संतों ने अपनी रब्बी बाणियों के माध्यम से हमें सदैव यही समझाने का प्रयत्न किया है कि ईश्वर को जानकर ही भक्ति की जा सकती है और उसके उपरांत ही हम जीते जी मोक्ष की प्राप्ति के हकरदार बनेंगे। एक सफल जीवन की प्राप्ति सांसारिक उपलब्धियां नहीं अपितु ब्रह्मज्ञान द्वारा परमात्मा से इकमिक होकर उसके एहसास में रहना है। संसार में रहते हुए संसार के प्रति आशक्ति न धारण कर, इस परमात्मा का ध्यान करते हुए भक्ति द्वारा आध्यात्मिक जीवन में सदैव आगे बढ़ते जाना है। इस मौके पर स्थानीय मुखी सतेंद्र सिंह बिष्ट, जिला संयोजक निर्रेश तिवारी सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे।



हल्दुखाता में आयोजित सत्संग में मौजूद भक्त।

# गर्मी बढ़ते ही आसमान छूने लगे नींबू के दाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भीषण गर्मी के बीच नीबू के दामों ने आसमान छूना शुरू कर दिया है। कुछ दिन पूर्व 100 से 120 रुपये किलो बिकने वाला नींबू अब 200 रुपये पहुंच गया है। नींबू के दाम बढ़ने का असर शिकंजी के दामों पर भी पड़ने लगा है। कई विक्रेताओं ने शिकंजी के दामों में पांच रुपये तक की बढ़ोत्तरी कर दी है।

गर्मी के मौसम में नींबू भी अपने गर्म तेवर दिखाने लगा है। दरअसल, गर्मी के दिनों में शरीर में इम्यूनिटी बरकरार रखने के लिए अधिकांश लोग सादे पानी, जूस शर्तत आदे में नींबू का इस्तेमाल करते हैं। यही कारण है कि गर्मी के मौसम में नींबू की मांग बढ़ जाती है। गत वर्ष भी नींबू ने महंगाई के रिकार्ड तोड़ दिए थे। इस वर्ष भी नींबू के दाम धीरे-धीरे आसमान छूते नजर आ रहे हैं। एक सप्ताह पहले तक सौ से 120 रूपए प्रति किलोग्राम बिकने वाला नींबू अब दो सौ रूपए प्रति किग्रा पहुंच गया है। नींबू के भाव बढ़ने से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नींबू-सोडा शिकंजी के ठेले भी कम ही दिखाई दे रहे हैं। गन्ने के रस में जायका बनाए रखने के लिए भी अब विक्रेता नींबू से परहेज करने लगे हैं। शिकंजी विक्रेता मोहन सिंह ने बताया कि नींबू के कारण शिकंजी के दाम भी बढ़ाने पड़ रहे हैं। पूर्व में शिकंजी 20 रुपये की थी लेकिन, अब 25 की हो गई है। गृहिणी सविता ने बताया कि नींबू के दाम 200 रुपये प्रति किलो होने की वजह से वह किचन से बाहर हो गया है। लगातार बढ़ती महंगाई से परेशान हैं। वहीं संतोषी ने बताया कि गर्मी के दिनों में नींबू पानी का प्रयोग बढ़ जाता है, लेकिन रेट ज्यादा होने की वजह से परेशानी हो रही है।



कोटद्वार के गोखले मार्ग में बिकने के लिए रखा नींबू।

## 14 जून से शुरू होगा तीन दिवसीय चाई ग्रामोत्सव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जयहरीखाल ब्लाक में चाई गांव में 14 से 16 जून तक चाई ग्रामोत्सव का आयोजन किया जायेगा। श्री नव दुर्गा ग्रामोत्थान समिति चाई की ओर से ग्रामोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ग्रामोत्सव को लेकर ग्रामीणों व प्रवासियों में उत्साह बना हुआ है।

यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति सदस्य डा. पदमेश बुड़ाकोटी ने बताया कि चाई ग्रामोत्सव इस साल अपनी स्थापना के 15 वर्ष पूरे कर रहा है। सभी प्रवासी ग्रामोत्सव में भाग लेने गांव पहुंचते हैं। बताया कि ग्रामोत्सव की औपचारिक शुरुआत 14 जून को देवपूजन और कलश यात्रा से होगी। 15 जून को ग्राम विकास गोष्ठी और रात्रि में संस्कृति विभाग उत्तराखंड की टीम द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। 16 जून को हवन पूजन के साथ ग्रामोत्सव का समापन होगा।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झंडीचौड़ के लेबर रूम को जल्द चालू करें : ऋतु



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार के मालन पुल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झंडीचौड़, बिजली विभाग की विभिन्न जन समस्याओं का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी पौड़ी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झंडीचौड़ में समुचित संसाधन उपलब्ध कर लेबर रूम को तत्काल प्रभाव से चालू करने को कहा। विस अध्यक्ष ने कहा कि वह कोटद्वार विस क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण को लेकर लगातार प्रयास कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष को मालन पुल के मरम्मत का कार्य धीमी गति से करने की शिकायत प्राप्त हुई। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग कोटद्वार को पत्र लिख कर तत्काल निर्माण कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के सख्त निर्देश दिए। हाल में आये भारी तूफान के कारण कोटद्वार की बिजली गुल होने और साथ ही तूफान से हुए नुकसान को लेकर उत्पन्न हुई समस्याओं के निवारण हेतु विधानसभा अध्यक्ष द्वारा अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग दुगड्डा को पत्र लिखकर समस्याओं के समाधान करने हेतु निर्देश दिए। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झंडीचौड में लेबर रूम का उपयोग ना होने की समस्या का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी पौड़ी को पत्र के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झंडीचौड़ में समुचित संसाधन उपलब्ध कर इसे तत्काल प्रभाव से चालू करने के निर्देश दिए।

# मतगणना प्रेक्षक ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना को निष्पक्ष, पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद की दोनों विधान सभाओं के लिए नियुक्त किए गए मतगणना प्रेक्षक शशि शेखर चौधरी ने जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार के साथ अगस्त्यमुनि क्रीड़ा भवन में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस अवसर पर उन्होंने दोनों विधान सभाओं के लिए मतगणना हेतु तैयार किए जा रहे मतगणना हॉल का निरीक्षण कर की जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सहायक रिटर्निंग अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मतगणना प्रक्रिया को संपादित कराने में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही मतगणना का कार्य एवं सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना हेतु दोनों विधान सभाओं में 14-14 टेबिल लगाई जा रही हैं। कहा कि मतगणना के लिए सभी तैयारियां एवं व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती, सहायक रिटर्निंग अधिकारी केदारनाथ अनिल कुमार शुक्ला, रुद्रप्रयाग आशीष चंद्र घिल्डियाल, नोडल अधिकारी बेरिकेडिंग इंद्रजीत बोस सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## बीएमसीसी कोट ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

नई टिहरी : घनसाली के अखोड़ी में सोमवार को विनोद मेमोरियल क्रिकेट क्लब कोट की ओर से धीरजमणि नैथानी की स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में बीएमसीसी की टीम विजेता और गमनी 11 की टीम उपविजेता रही। राइंका अखोड़ी में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच बीएमसीसी कोट और गमनी 11 के बीच खेला गया। जिसमें कोट ने प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। विवेकानंद को प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट तथा कोट टीम के कप्तान अजय नैथानी को बेस्ट बॉलर का खिताब दिया गया। जबकि एनएनसीसी चौनारा को सबसे अनुशासित टीम का खिताब दिया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिपंस अखोड़ी रघुवीर सजवाण ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया।

# मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पद को समाप्त करने का बयान निंदनीय



**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सीताराम** पोखरियाल मंडलीय अध्यक्ष उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन उत्तराखण्ड गढ़वाल मंडल ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी को आहरण वितरण अधिकार देने का स्वागत करते हुए कहा कि इस संवर्ग का विरोध किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आर-पार का संघर्ष जरूरी है। सभी पदाधिकारियों को एलर्ट मोड़ पर जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पद को समाप्त करने का बयान निंदनीय है। इस का पूर्ण विरोध किया जायेगा। दुनिया की कोई भी ताकत इस पद को समाप्त नहीं कर सकती हैं। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में श्री पोखरियाल ने कहा कि मिनिस्ट्रीयल संवर्ग किस प्रकार दिन भर की दौड़-धूप के बाद वेतन आहरण का काम करते हैं यह देखने वाला कोई नहीं है। आहरण वितरण अधिकारी नहीं होने के कारणों से राजपत्रित अधिकारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी को आहरण वितरण अधिकार दिया गया है। आहरण वितरण के लिए इस बात का तो इंतजार नहीं किया जा सकता है पहले प्रधानाचार्य व प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति होगी फिर वेतन आहरित होगा। आहरण वितरण अधिकारी के पास जाने के लिए एक माह में कम से कम 6 बार 40-50 किलोमीटर की दूरी तय करनी होती है। मिनिस्ट्री संवर्ग का कार्मिक बंधुआ मजदूर नहीं है जो दिन रात रोड में ही दौड़ लगाते रहे एक-एक साइन करने भारी पड़ जाते हैं। इसी बात को ध्यान रखते हुए मुख्य प्रशासनिक अधिकारी को राजपत्रित अधिकारी बनाया गया है वह भी राजपत्रित अधिकारी के पद पर पांच वर्ष की पूर्ण सेवा पर। इतना होने के बाद भी इस संवर्ग का विरोध किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# पुलिस ने असामाजिक तत्वों के इरादों पर फेरा पानी

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** श्री केदारनाथ धाम यात्रा के सफल एवं सुगम संचालन के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। लेकिन कुछ असामाजिक तत्व इस पवित्र यात्रा में व्यवधान पैदा करने और असामाजिक गतिविधियां फैलाने के नापाक इरादे भी रखते हैं। ऐसे लोगों को मूंहतोड़ जवाब देने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन 24 घंटे प्रतिदिन तत्पर है।

बता दें कि कई असामाजिक तत्व कुछ धन के लालच में यात्रा मार्ग पर शराब तस्करी कर मोटा मुनाफा कमाने की फिराक में रहते हैं, लेकिन जिला प्रशासन एवं पुलिस की मुस्तैदी से ऐसे लोगों पर कड़ा प्रहार किया जा रहा है। श्री केदारनाथ धाम की पवित्र यात्रा में असामाजिकता फैलाने वाले कुछ ऐसे ही लोगों के नापाक इरादों पर पुलिस प्रशासन ने बीते रोज पानी फेरकर बड़ी कामयाबी हासिल की। पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में थाना अगस्त्यमुनि पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत चैकिंग के दौरान तीन अलग-अलग प्रकरणों में 03 नेपालियों को अवैध शराब के साथ गौरीकुंड से गिरफ्तार किया है। जिनके विरुद्ध थाना अगस्त्यमुनि पर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गयी है। पैदल यात्रा मार्ग से सबसे महत्त्वपूर्ण पड़ावों में शामिल गौरीकुंड में इन असामाजिक तत्वों के नापाक इरादों पर पानी फेरते हुए पुलिस ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि यात्रा मार्ग या किसी भी अन्य क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से शराब या किसी अन्य नशे की तस्करी न करें। ऐसा करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इधर, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल ने बताया कि यात्रा के आरंभ से अब तक अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत 22 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। वहीं 27 अभियुक्तों को गिरफ्तार भी किया गया है। बताया कि अब तक कुल 512 अवैध शराब की बोतलों सहित 72 केन बियर व 5 लीटर कच्ची शराब बरामद की जा चुकी हैं जिनका अनुमानित मूल्य करीब 3 लाख रुपए से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में भी अवैध शराब पर कार्यवाही जारी रहेगी।





## कार्यालय-प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय , मजरा महादेव , पौड़ी (गढ़वाल)

ई-मेल- gdcmajramahadev@gmail.com वेबसाईट- gdcmajramahadev.in

पत्रांक-46/प्रयोगशाला/2024-25 दिनांकः 04.06.2024

### सीमित निविदा पृच्छा

पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय को भूगोल एवं सैन्य विज्ञान विभाग की प्रयोगशालाओं हेतु लगभग तीन लाख पचास हजार मूल्य के उपकरण, संबंधित फर्नीचर, कम्प्यूटर्स आदि को क्रय किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सूची की हाई-प्रतिलिपि महाविद्यालय कार्यालय से भी कार्य दिवसों में प्राप्त की जा सकती है। निविदा पूर्ण रूप से भरकर दिनांक 25.06.2024 तक पंजीकृत डाक/कोरियर/ई-मेल द्वारा महाविद्यालय कार्यालय में पहुंचने अनिवार्य है।

**प्राचार्य**

**रा0महावि0 मजरा महादेव पौड़ी (गढ़वाल)**

## एक नजर

### दूषित पानी पीने को मजबूर लोग

चमोली : निर्माण के बाद से ही बरसात में फिल्टर के बह गया था। उसके बाद फिल्टर नहीं लगाया गया। सीधे गदेरे से नलों में दूषित पानी आ रहा है। जिससे दूषित पानी पी रहे करीब दो हजार से अधिक लोगों को जल जनित बीमारियों का खतरा बना है। कहा कि, लोग पानी को कपड़े से छानकर पीने को मजबूर हैं। गदेरे में फिल्टर न होने से पानी में छोटे कीड़े आ रहे हैं। गदेरे में टैंक की सफाई व कीटनाशक का प्रयोग नहीं किया गया है। उन्होंने जल्द पेयजल के टैंक पर फिल्टर लगाकर टैंक की सफाई करने की मांग उठाई है। वहीं, जल संस्थान के जेई जेएस बिष्ट का कहना है कि टैंक पर फिल्टर लगाने के लिए पत्राचार किया गया है। (एजेंसी)

### हर घर जल योजना की जांच करने की उठाई मांग

चमोली : तलवाड़ी स्टेट में सोमवार को पेयजल संकट को लेकर प्रधान दीपा देवी के नेतृत्व में बैठक हुई। बैठक में लोगों ने निर्माणाधीन हर घर जल योजना की जांच करने की मांग उठाई है। सोमवार को आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि सराखोली पेयजल योजना, कुला गैर पेयजल योजना ठेकेदार तथा विभाग की लापरवाही के कारण बनने से पहले ही दम तोड़ती दिखाई दे रही है। ग्रामीण वीरेंद्र सिंह, भानु रावत, गजेंद्र सिंह, खिलाप सिंह रावत ने कहा कि बिना पेयजल समिति के संज्ञान में लाए हुए विभाग द्वारा पुराने स्रोत के ऊपर से नए स्रोत टेप कर दिया गया है, जिसके चलते पुरानी लाइनों में पानी बंद हो गया है। लोगों ने जल्द पेयजल आपूर्ति सुचारु करने की मांग की है। इस अवसर पर गोपाल सिंह, महिपाल सिंह बिष्ट, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुभाष पिमोली, आनंद सिंह बिष्ट, बलवत सिंह रोथान, त्रिलोक सिंह बोरा, भरत बोरा बिष्ट, आशु बिष्ट, गजेंद्र रावत, दीपू रावत, भरत सेजवाल, विक्की रावत, बलवंत सिंह रावत, बलवंत सिंह बिष्ट, भगोत सिंह बिष्ट, दर्शन सिंह रावत, रणजीत सिंह सेजवाल,वच्ची सिंह रावत, पुष्कर सिंह शाह, शकुंतला बोरा बिष्ट, गजेंद्र रावत, राकेश सेजवाल सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। (एजेंसी)

### थराली में शौर्य महोत्सव 6 जून से, तैयारियां तेज

चमोली : उत्तराखंड के प्रथम अशोक चक्र विजेता शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में 6 से 8 जून तक थराली के चेपड़ों गांव के शौर्य महोत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव का आयोजन शहीद भवानी दत्त स्मारक इंटर कॉलेज में आयोजित होगा। महोत्सव की आजकल तैयारियां चल रही हैं। मेला अध्यक्ष बीरु जोशी, मेला समिति के देवेंद्र सिंह रावत, जिला पंचायत सदस्य देवी जोशी और प्रधानाचार्य दिगपाल सिंह गडिया ने बताया कि मेले का उद्घाटन 6 जून को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। मेले मे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मेला स्थल में भूतपूर्व सैनिकों की मेडिकल जांच की सुविधा के साथ उनकी पेंशन आदि की समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा। बताया कि 6 जून को सर्वप्रथम आर्मी बैंड के साथ शहीद स्मारक पर रीत चढ़ाने के साथ ही मेले का भव्य उद्घाटन होगा। 3 दिनों तक चलने वाले मेले में सुबह 8:00 बजे से रात्रि 11:30 बजे तक उत्तराखंड के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। स्कूली छात्र-छात्राओं, महिला मंगल दलो के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम मेले में मुख्य आकर्षण के केंद्र होंगे। (एजेंसी)

### संघ ने महानिदेशक और निदेशक को सौंपा ज्ञापन

रुद्रप्रयाग : संघ के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह झिक्वाण, महामंत्री दिनेश चन्द्र भट्ट, कोषाध्यक्ष रघुवीर सिंह बुटोला ने महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा और निदेशक प्रारंभिक शिक्षा को भेजे गए ज्ञापन में बताया कि यूपी के समय सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रति उप विद्यालय निरीक्षक पदों पर प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालयों से प्रोन्नति की जाती रही है। राज्य बनने के बाद सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी और प्रति उप विद्यालय निरीक्षक पदों को समाप्त कर उप शिक्षा अधिकारी पदों का सृजन किया गया। इन पदों पर प्राथमिक शिक्षकों से प्रोन्नति दिए जाने का प्रावधान नहीं रखा गया है। (एजेंसी)

### भगवान को नए अनाज का लगाया भोग

रुद्रप्रयाग : मुख्यालय स्थित पुंडेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को स्थानीय लोगों की ओर से भगवान को नए अनाज का भोग लगाया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों द्वारा हवन में शामिल होकर खुश शांति की प्रार्थना की। अंत में प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम संपंन किया गया।

# आज सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना

### डीएम ने प्रतिनिधियों को दी मतगणना तैयारियों और व्यवस्थाओं की जानकारी



**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** चमोली जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना की तैयारियां प्रशासन की ओर से पूर्ण कर ली गई है। जिसे लेकर सोमवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने विभिन्न राजनैतिक दलों और मीडिया प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने मतगणना केंद्र पर की गई तैयारियों व व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना के लिये राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में प्रातः 8 बजे से मतगणना कार्य शुरू किया जाएगा। कहा कि मतगणना के लिये जनपद की तीनों विधानसभाओं के लिए दो-दो कक्ष में 14 टेबल पर मतगणना कार्य संपन्न करवाने की व्यवस्था की गई है। मतगणना में ड्रॉ ऑफ लॉट के माध्यम से प्रत्येक विधानसभा के 5 मतदेय स्थलों की वीवीपैट की पर्चियों की गणना भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर किसी भी व्यक्ति को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही मतगणना केंद्र पर प्रवेश के लिये चुनाव आयोग व प्रशासन की ओर से जारी पास दिखाने अनिवार्य होंगे। इस मौके पर भाजपा के पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडेय, संतोष पांडेय, डीपी पुरोहित, कांग्रेस के आनंद सिंह पंवार आदि मौजूद थे।

दूसरी ओर मीडिया प्रतिनिधियों की बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि मतगणना के दौरान कवरेज की सुविधा के लिए केंद्र पर मीडिया सेंटर स्थापित किया गया है। जहां मीडिया प्रतिनिधियों की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। मीडिया प्रतिनिधियों को मीडिया सेंटर तक मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति है। जबकि मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन ले जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। कहा कि मतगणना केंद्र पर स्थापित कंट्रोल रुम से 1950 नम्बर पर संपर्क कर भी मतगणना की जानकारी ली जा सकेगी। इस मौके देवेंद्र रावत, राजपाल बिष्ट, जगदीश पोखरियाल, शेखर रावत, ओम प्रकाश भट्ट, प्रमोद सेमवाल, सुरेंद्र रावत, विनोद रावत, संदीप कुमार, लक्ष्मण राणा, नन्दन बिष्ट, युद्धवीर फरस्वाण, रामसिंह राणा सहित सभी मीडिया प्रतिनिधि मौजूद थे।

# प्रत्याशी, आरओ,डीईओ व ऑब्जर्वर की मौजूदगी में खुलेगा स्ट्रांग रूम

देहरादून। लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए मंगलवार को स्ट्रांग रूम लोकसभा प्रत्याशी, आरओ व डीईओ व ऑब्जर्वर की मौजूदगी में ही खोले जाएंगे। इसके साथ ही प्रत्याशियों को दूरस्थ एआरओ ऑफिस में भी अपना एजेंट तैनात करने की इजाजत दी गई है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय जोगदंडे ने बताया कि मतगणना की तैयारियों के तहत आरओ स्तर पर सभी राजनैतिक दलों के साथ बैठक की गई जिसमें स्ट्रॉग रूम खोलते समय अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में सभी राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रत्याशी के साथ ही आरओ, डीईओ, ऑब्जर्वर की मौजूदगी अनिवार्य होगी। एआरओ ऑफिस में प्रत्याशी को अपने प्रतिनिधि को तैनात करने की भी इजाजत दी गई है। उन्होंने बताया कि सभी जगह स्ट्रांग रूप खोलते समय अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। मतगणना स्थल पर तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा रखने का निर्णय लिया गया है।

**मतगणना स्थल पर फोन ले जाने की इजाजत नहीं**

विजय जोगदंडे ने बताया कि मतगणना स्थल पर किसी को भी फोन व कोई भी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की इजाजत नहीं होगी। पहले घेरे पर ही पुलिस जांच होगी और वहां से किसी को गाड़ी अंदर ले जाने की भी इजाजत नहीं होगी।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने की मुख्य सचिव से मुलाकात

देहरादून। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने सोमवार को सचिवालय में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों पर कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई। इस पर मुख्य सचिव ने अपर मुख्य सचिव वित्त आनंद बर्द्धन को कर्मचारियों से वार्ता कर समस्याओं का हल निकालने के निर्देश दिए। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अरुण पांडे व महामंत्री शक्ति प्रसाद भट्ट ने मुख्य सचिव से मुलाकात के दौरान कहा कि शासन स्तर पर वार्ता और सहमति के बावजूद उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि बार बार बैठकों के बावजूद समस्याओं का कोई हल नहीं निकल पा रहा है। इस पर मुख्य सचिव ने अपर मुख्य सचिव वित्त को परिषद के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लंबित मांगों के समाधान के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव से मुलाकात के दौरान परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि एसीपी के तहत प्रमोशन न पाने वाले कर्मचारियों का ब्योरा उपलब्ध हो गया है। ऐसे में जल्द कर्मचारियों के प्रमोशन किए जाएं। वेतन समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए। प्रमोशन में शिथलीकरण की व्यवस्था को पहले की तरह बहाल किया जाए। गोल्डन कार्ड के तहत ओपीडी व दवा केंद्रों में कैशलेस इलाज की सुविधा।

### भीषण गर्मी के चलते जंगलों के प्राकृतिक जल स्रोत भी सूखने लगे

हरिद्वार। भीषण गर्मी में हरिद्वार का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इसके चलते जंगलों में पानी के प्राकृतिक स्रोत भी सूखने लगे हैं। वन्यजीवों की प्यास बुझाने के लिए जंगल में बनाए गए कच्चे और पक्के वाटर हॉल में टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है। राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क और वन विभाग की विभिन्न रेंजों में वन्यजीवों को पानी उपलब्ध कराने के लिए कईं कच्चे और पक्के वाटर हॉल बनाए गए हैं। जंगल में बनाए गए इन वॉटर हॉल में प्राकृतिक स्रोत से पानी की सप्लाई की जाती है। लेकिन राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क सहित वन विभाग की कईं रेंगों में भीषण गर्मी के चलते पानी के प्राकृतिक स्रोत सूखने लगे हैं और वन्य जीवों के लिए पानी की किल्लत भी होने लगी है।

# सीएम धामी ने जगद्गुरु आश्रम में शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज से आशीर्वाद लिया

### – भाजपा का लोकसभा चुनाव में 400 पार का संकल्प पूरा हो रहा है : सीएम



हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भाजपा का लोकसभा चुनाव में 400 पार का संकल्प पूरा हो रहा है। देश की जनता ने विकसित भारत संकल्प, भारत को विश्वगुरु बनाने, गरीब कल्याण और सुशासन के लिए मतदान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस बार भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। जीत के बाद एक नए भारत, विकसित भारत और दुनिया का नेतृत्व करने वाले भारत का निर्माण होगा। उन्होंने यह बातें जगद्गुरु आश्रम में पत्रकारों से वार्ता में कही। सोमवार की दोपहर को सीएम ने कनखल के जगद्गुरु आश्रम में शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज से आशीर्वाद लिया। उनकी शंकराचार्य के साथ धर्म और देश को लेकर लंबी चर्चा हुई। शंकराचार्य ने सीएम को पगड़ी पहना कर सम्मानित किया। सीएम ने कहा कि भाजपा सनातन और अध्यात्म की दृष्टि से कार्य करती है। साधु संतों का सानिध्य और मार्गदर्शन हमेशा हमें मिलता है। मंगलवार को चुनाव नतीजे आने के बाद देश में दोबारा भाजपा की सरकार बनेगी।

# तीन खिलाड़ियों का नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयन



विकासनगर। 13वीं राज्य स्तरीय वुशु चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पछुवादून की रक्षते मार्शल आर्ट अकादमी के तीन खिलाड़ियों का चयन नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। खिलाड़ियों के चयन से क्षेत्र में खुशी की लहर है। एक जून से दो जून तक देहरादून के परेड ग्राउंड में हुई राज्यस्तरीय वुशु चैंपियनशिप 2024 में रक्षते मार्शल आर्ट के पांच खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इनमें से कशिश कश्यप, मनीषा चौहान और निशांत ने स्वर्ण पदक जीतकर नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई किया है। जबकि एक अन्य खिलाड़ी पीहू ने कांस्य पदक अपने नाम किया। अकादमी की ओर से खेल रहे हर्ष का प्रदर्शन भी शानदार रहा। अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक अमन राठौड़ और विवेक राठौड़ ने कहा कि मार्शल आर्ट खेल के क्षेत्र में पहचान बनाने के साथ ही आत्मरक्षा में भी मददगार है। खासकर लड़कियों को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण जरूर लेना चाहिए।

### बस्तीवासियों के पुनर्वास को ठोस कदम उठाने की मांग की

देहरादून। सीटू और अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने सोमवार को उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान सभी ने बस्तीवासियों के पुनर्वास को ठोस कदम उठाने की मांग की। साथ ही कहा कि शहर में नदी नालों के उपर कई बिल्डर, होटल संचालकों द्वारा कब्जे करने के मामले सामने आ रहे हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। जो लोग मकान 11 मार्च 2016 से पहले बने होने के साक्ष्य उपलब्ध करवा रहे हैं।

उनके नाम सूची से हटाने की मांग की। इस दौरान सीपीएम सचिव अनन्त आकाश, सीटू के राज्य सचिव लेखराज, एटक के एसएस रजवार, चेतना आन्दोलन के विनोद बडोनी, एसएफआई नेता शैलेन्द्र परमार, पीएसएम के विजय भट्ट, राजेन्द्र शाह, इन्टक के अनिल कुमार, हरीशकुमार आदि मौजूद रहे।

# फोन पर साली का एक्सिडेंट होने की बात कहकर एक लाख ठगे

देहरादून। फोन पर परिचित बनकर कैंट क्षेत्र निवासी व्यक्ति से साइबर ठग ने एक लाख रुपये हड़प लिए। आरोपी ने पीड़ित को झांसा दिया कि उसकी साली का एक्सिडेंट हो गया है। इसलिए रुपयों की जरूरत है। दो दिन बाद उनके पास आकर रकम लौटाने की बात कही। बाद में पीड़ित को फर्जीवाड़े का पता लगा। उनकी तहरीर पर कैंट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर कैंट गिरीश चंद शर्मा ने बताया कि दिनेश बलराम सिंह निवासी टपकेश्वर कॉलोनी, गढ़ी कैंट की शिकायत पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पीड़ित ने कहा कि नरेंद्र यादव उनका दोस्त है। बीते 20 मई को एक अनजान नंबर से पीड़ित को फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह उनका दोस्त नरेंद्र यादव बोल रहा है। झांसा दिया कि उसकी साली का एक्सिडेंट हो गया है। उपचार के लिए तत्काल एक लाख रुपये की जरूरत है। पीड़ित ने अपना दोस्त समझकर उसके बताए खाते में एक लाख रुपये भेज दिए। रकम लेते वक्त कहा कि 22 मई को वह खुद आकर लौटा देगा। 22 मई को जब पीड़ित ने अपने दोस्त नरेंद्र यादव से संपर्क किया तो पता लगा कि उसने कोई रकम नहीं ली। तब साइबर ठगों के इस वारदात को अंजाम देने का पता लगा। इंस्पेक्टर जीसी शर्मी ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### समर कैंप में छात्रों ने कराटे का प्रशिक्षण लिया

ऋषिकेश। पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय समर कैंप के अंतिम दिन छात्रों ने कराटे का प्रशिक्षण लिया। वक्ताओं ने छात्रों को पूर्ण मनोयोग एवं कौशल आधारित शिक्षा और ज्ञान ग्रहण करने को प्रेरित किया। सोमवार को ढालवाला स्थित पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय समर कैंप के अंतिम दिन कराटे प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। जिसमें कराटे कोच विश्वनाथ राजपूत ने छात्रों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि युवा छात्र जीवन में दी गई शिक्षा को बारीकी से सीख सकता है। आत्मरक्षा के लिए जूडो कराटे का प्रशिक्षण लेना जरूरी है। वरिष्ठ शिक्षक वीरेंद्र किशोर गौड़ ने कहा कि सीखने की प्रक्रिया को निरंतर जारी रखना चाहिए। अभ्यास किया हुआ कार्य ही सफल होता है। उन्होंने छात्रों को अपने शरीर को स्वस्थ रखने के टिप्स दिए।

# जर्जर हालत में बिजली के खंभों और तारों को बदलने की मांग



विकासनगर। भीमावाला के ग्रामीणों ने जर्जर हो चुके बिजली के खंभों और तारों को बदलने की मांग उत्तराखंड पावर कार्पोरेशन से की है। सोमवार को ग्रामीणों ने गांव में ही प्रदर्शन करने के बाद यूपीसीएल अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने कहा कि भीमावाला गांव में 20 से अधिक बिजली के खंभे जर्जर हो चुके हैं। इन दिनों तेज आंधी चल रही है। ऐसे में ये जर्जर खंबे कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। इन खंभों से गुजर रही तारें भी जर्जर हो चुकी हैं। ये तारें आए दिन टूटकर गिरती रहती हैं, इससे बिजली आपूर्ति बाधित होती रहती है। बताया कि पूरे गांव में जर्जर तारों का जाल बिछा हुआ है। इन जर्जर तारों की वजह से किसी फेस में सौ वोल्ट और किसी फेस में 450 वोल्ट करंट आता है। इससे उपभोक्ताओं का इलेक्ट्रॉनिक्स सामान जल जाता है। ऐसे में कई बार बिजली रहने के बावजूद लोग उसका उपयोग नहीं कर पाते हैं। सिंचाई नलकूपों के लिए जा रही बिजली की तारें काफी कम ऊंचाई से गुजर रही हैं। फसलें बढ़ने पर तारों को छूने लगती हैं, इससे करंट फैलने का खतरा बना रहता है। कहा कि गांव में जर्जर पोल और बिजली की तारों को बदलना जरूरी है। इसके साथ ही सिंचाई नलकूपों के लिए जा रही बिजली की तारों पर बंच केबल लगाई जानी चाहिए, जिससे फसलों में करंट फैलने का खतरा न रहे। कहा कि करंट फैलने से फसलों में आग लगने का खतरा भी बना रहता है। प्रदर्शन करने वालों में गुलफाम अहमद, सागर, चरण सिंह, शराफत अली, मुमताज, संजय कुमार, मोहित, मतलूब, धर्मपाल आदि शामिल रहे।

### लच्छीवाला में अब ज्यादा चुकाना होगा टोल टैक्स

ऋषिकेश। देशभर में टोल टैक्स में वृद्धि के बाद लच्छीवाला टोल प्लाजा पर भी रविवार मध्यरात्रि के बाद से बढ़ी हुई दरें लागू हो गई।

यहां टोल टैक्स में पांच रुपये की वृद्धि की गई है। डोईवाला के लच्छीवाला स्थित टोल प्लाजा का टोल टैक्स अब पहले से महंगा हो गया है। टोल प्लाजा के उप प्रबंधक मनीष नेगी ने बताया कि पहले प्राइवेट कार को एक और से जाने के लिए 100 रुपये का टोल टैक्स देना होता था, अब यह बढ़कर 105 रुपये कर दिया गया है। उसी दिन वापसी में इस प्राइवेट कार को 50 देने होंगे। इस प्रकार एक दिन में कार के आने जाने का टोल टैक्स 155 रुपये होगा।

# लोकल वाहनों का रूट डायवर्ट करने पर जनप्रतिनिधि खफा

ऋषिकेश। हरिद्वार से ऋषिकेश आ रहे स्थानीय वाहनों को डायवर्ट कर भानियावाला भेजे जाने पर जनप्रतिनिधि खफा हैं। उन्होंने मामले में सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उन्होंने स्थानीय वाहनों को सीधे ऋषिकेश आने देने की मांग की।प्रतीतनगर निवासी भाजपा नेता राजेश जुगलान ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की। उन्होंने कहा कि स्थानीय पुलिस प्रशासन नेपाली फार्म से आने वाले स्थानीय वाहनों को डाइवर्ट कर भानियावाला से होकर ऋषिकेश भेज रहा है। जिससे स्थानीय वाहनों को 30किमी तक की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। आरोप लगाते हुए कहा कि स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा श्यामपुर, आईडीपीएल और ऋषिकेश क्षेत्र के वाहन स्वामियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने वाहनों को आवाजाही पर छूट देने की मांग की। श्यामपुर जिला पंचायत सदस्य संजीव चौहान, कांग्रेस के श्यामपुर ब्लॉक अध्यक्ष विजय पाल रावत आदि ने भी स्थानीय वाहनों को नेपाली फार्म भेजे जाने पर नाराजगी जताई। उधर, सीएम हेल्प लाइन में हुई शिकायत के जबाब में थाना रायवाला के एसआई कुशाल सिंह रावत ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर चारधाम यात्रा पर आए बाहरी और बड़े वाहनों को डाइवर्ट कर भानियावाला से ऋषिकेश भेजा जा रहा है।

# महादेवपुरम कॉलोनी में हो रही चोरियों से क्षेत्रवासी परेशान

ऋषिकेश। भानियावाला के महादेवपुरम कॉलोनी में आए दिन हो रही चोरियों से क्षेत्रवासी परेशान हैं। सोमवार को उन्होंने डोईवाला कोतवाली निरीक्षक को ज्ञापन सौंप क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की। महादेवपुरम कॉलोनी भानियावाला के लोग सोमवार को डोईवाला कोतवाली पहुंचे और कोतवाली निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। स्थानीय निवासी महावीर प्रसाद भट्ट ने कहा कि महादेवपुरम कॉलोनी में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही है। जिससे कॉलोनीवासियों में भय का माहौल है। कुछ शरारती तत्व कॉलोनी में घुसकर चोरियों की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पिछले कुछ दिन में चोरों ने नवनिर्मित भवन की बिजली की तार चुरा ली थी, वहीं दूसरे नवनिर्मित भवन से सरिया व सीमेंट चुरा लिया गया।

ऐसी ही कई घटनाएं कॉलोनी में हो चुकी है। यह क्षेत्र हाईवे से लगा हुआ है और समीप ही अंग्रेजी शराब की दुकान भी है। लोग नशे की हालत में कॉलोनी में घुसकर ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। आए दिन नशे की हालत में व्यक्ति ग्रामीणों के घरों में घुस रहे है। ज्ञापन देने वालों में आचार्य महावीर प्रसाद भट्ट, गोपाल नेगी, नरेंद्र उनियाल, अजय पाल भंडारी, अंकुश रावत, शैलेंद्र थपलियाल, मनीष यादव, सुनील वर्मा, बीना नेगी, एकता नेगी, सुषमा बडोनी, एकादशी रतूड़ी, आनंदी आदि मौजूद रहे।

### पति पर पत्नी का गला दबाकर हत्या की कोशिश का आरोप, केस दर्ज

हरिद्वार। एक महिला ने अपने पति पर गला दबाकर हत्या करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। ज्वालापुर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। विवेक विहार निवासी प्रियंका शर्मा ने ज्वालापुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार की दोपहर में वह अपने घर में मौजूद थी। इसी दौरान उसकी सास राजरानी ने उसके साथ मारपीट कर दी।

हो हल्ला होने पर उसके पति मनीष कश्यन आ गए। उन्होंने उसका गला दबाकर मारना चाहा। किसी तरह उसकी जान बच गई। आरोप है कि उसकी दो बेटियां है और बेटा नहीं होने पर ससुराल वाले उत्पीड़न करते हैं। कोतवाली प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि पत्नी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# ढाबे से 35 किलो गोमांस बरामद , ढाबा स्वामी गिरफ्तार

हरिद्वार। बहादराबाद पुलिस ने एक ढाबे से 35 किलो गोमांस बरामद कर ढाबा स्वामी को दबोच लिया। गोमांस उपलब्ध कराने के दो आरोपी अभी गिरफ्त से बाहर हैं। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसओ बहादराबाद नरेश राठौड़ ने बताया कि रविवार देररात मरगुबपुर गांव के एक ढाबे में गोमांस परोसने की सूचना मिली थी।

शांतरशाह चौकी प्रभारी खेमेंद्र सिंह गंगवार की अगुवाई में पुलिस टीम ने ढाबे में छापा मारा। तलाशी लेने पर फ्रिज के अंदर से करीब 35 किलो गोमांस बरामद हुआ। पूछताछ में ढाबा स्वामी ईनाम ने कबूला कि गोमांस उसने तीन दिन पहले गुलशेर और मुंतजीर से खरीदा था। बताया कि गोकशी कर दोनों उसे मांस उपलब्ध कराते हैं। एसओ ने बताया कि पशु चिकित्साधिकारी को मौके पर बुलाकर जांच कराई गई तो प्रथम दृष्टया गोमांस होने की बात सामने आई है। सैंपल को विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जा रहा है जबकि बाकी मांस को नष्ट कर दिया गया। बताया कि फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है।

### तय रूट पर निकलेगा विजय प्रत्याशी का जुलूस

देहरादून। मंगलवार को राज्य की पांच लोकसभा सीटों पर होने वाली मतगणना के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद हो गई है। सोमवार को एडीजी प्रशासन अमित सिन्हा ने सभी जनपद प्रभारियों की वीसी से बैठक लेकर जरूरी निर्देश दिए। एडीजी ने कहा कि ड्यूटी पर जाने से पहले सभी पुलिसकर्मियों को सही से ब्रीफ कर दिया जाए। इसके अलावा सभी मतगणना स्थलों पर चुनाव आयोग के निर्देशानुसार त्रीस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जाए। ये भी निर्देश दिए कि मतगणना स्थल पर प्रवेश व निकास द्वार पर चैकिंग जरूरी की जाए। ताकि बिना पास के कोई अंदर बाहर ना कर सके। यातायात प्लान तैयार कर इसका प्रचार-प्रसार किया जाय तथा पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाय। जिससे की जाम की स्थिति ना बने।

**जयन्त**

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com